# Districct Level Internal Examination, Lakhimpur
## Revisionary Examination -2025-26
### Sub : Hindi (E)
### Class : X

Time : 3 Hrs Marks : 100

1. सही विकल्प का चयन करो :- 1x6=6

(क) नींव का ईट एक -

(अ) कहानी है (आ) सम्मरण है

(इ) नाटक है (ई) निबंध है।

(ख) मृत्रिका कविता की लेखक है -

(अ) रसखान (आ) नरेश मेहता

(इ) मीराँबाई (ई) कबीर दास

(ग) कार्निवल के मैदान में लड़का चुपचाप किनको देख रहा था -

(अ) चाय पीनेवालों को (आ) मिठाई खानेवालों को

(इ) गाना गानेवालों को (ई) शरबत पीनेवालों को

(घ) कस्तुरी मृग वन-वन में क्या खोजता फिरता है ?

(अ) कोमल घास (आ) शीतल जल

(इ)कस्तुरी नामक सुगंधित पदार्थ

(ई) निर्मल हवा

(ङ) ताहि के संग में भोंजै - यह ताहि शब्द का अर्थ है -

(अ) गिरिधर नागर (आ) भोजराज

(इ) महादेव (ई) नारद

(च)कुंम-कलश बनकर मिट्टी क्या बन जाती है ?

(अ) बहनरुपा (आ) मातृरुपा

(इ) प्रियारुपा (ई) प्रजारुपा

2. सप्रसंग व्याख्या करों - 5

जा घट प्रेम न संचरै, सो घट जान मसान।
जैसे खाल लोहार की, साँस लेत बिनु प्रान।।

अथवा

गुरु कुम्हार सिष कुंभ है, गुढ़ि-गुढ़ि काढ़ै खोट।
अन्तर हाथ सहार है, बाहर बाहै चोट।।

3. संक्षिप्त जवाब दो - 3x6=18

(क) लेखक ईसाई धर्म को अमर बनाने का श्रेष्ठ किन्हें देना चाहता है?

(ख) मनुष्य मात्र से राम (कृष्ण) नाम का रस पीने का आहवान करते हुए मीराँबाई ने उन्हें कौन-सा उपदेश दिया है?

(ग) यमदुत ने भोलाराम के जीव के लापता होने के बारे में क्या बताया?

(घ) सड़क अपने ऊपर पड़े एक चरण-चिहन को क्यों ज्यादा देर तक नहीं देख सकती?

(ङ) अपने मा-बाप से सम्बधित प्रश्नों के उत्तर में छोटे जादुगर ने क्या-क्या कहा था?

(च) पुरुषार्थ की सबसे बड़ा देवत्व क्यों कहा है?

4. (क) भोलाराम की पारिवारिक स्थिति पर प्रकाश डालो। 5

अथवा

सत गुरु की महिमा के बारे में कवि ने क्या कहा है?

5. (क) निम्नलिखित किन्ही चार के पुलिंग रुप लिखो। $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

बन्दरी, मालिन, भानजी, चाची, लड़की, कुत्ती।

(ख) निम्नलिखित किन्ही दो मुहावरो से वाक्य बनाओ। $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

उन्नीस बीस होना, जान पर खेलना, काम तमाम करना, नौ-दो ग्यारह होना।

(ग) निम्नलिखित किन्ही दो के संधि विच्छेद करो। 1x2=2

इत्यादि, विद्यालय, पुरस्कार, महर्षि

(घ) निम्नलिखित किन्ही चार के विलोम शब्द लिखो। $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

प्रकाश, सुलभ, जवानी, सजीव, अपमान, प्राचीन

(ङ) निम्नलिखित किन्ही चार के पर्यायवाची शब्द लिखो। $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

नदी, सड़क, अमृत, दिवाकर, कमल, घर।

(च) प्रति, अधि, सु और निर उपसर्ग जोड़कर एक एक शब्द बनाओ। $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

(छ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो :-

(किन्ही दो का) $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

(क) हिंसा करनेवाला।

(ख) गणित जाननेवाला।

(ग) जो शिव को उपासना करता है।

(घ) जो पहले जन्मा है।

(ज) किन्ही दो वाक्यों को शुद्ध रुप से लिखो :- 1+1=2

(i) बच्चे छत में खेल रहे है।

(ii) उसने पुस्तक पढ़ चुका।

(iii) हरि ने रोटी खाया।

## Group - B खण्ड-ख

6. पुर्ण वाक्य में उत्तर दो :- 1x6=6

(क) मयुर को किसने युद्ध वाहन के रुप में चुना था?

(ख) पत्र को कन्नड़ भाषा में क्या कहते है?

(ग) जो बीत गयी कविता के कवि कौन है?

(घ) विश्व डाक संध ने पत्र लेखन की प्रतियोगिता कब शुरु की?

(ङ) विदेशी महिला ने नीलकंठ को क्या उपाधि दी थी?

(घ) महात्मा गांधी के पास दुनिया भर से तमाम पत्र किस पते पर आते थे?

7. नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दो- 4x2=8

(क)नीलकंठ और राधा के नृत्य की वर्णन अपने शब्दों में करो।

अथवा

नीलकंठ की स्वभावगत विशेषताएँ अपने शब्दों में वर्णन करो।

(ख) जो बीत गयी कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

अथवा

हमे मधुवन और महिरालय से क्या शिक्षा मिलती है?

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो : 3x4=12

(क) वास्तव में पत्र किसी दस्तापेज (प्रमाण-पत्र) से कम नहीं है - कैसे?

(ख) कायर मत बन शीर्षक कविता का संदेश क्या है?

(ग) मयुर कलाप्रिय वीर पदी है, हिंसक मात्र नहीं इस कथन का आशय समझाकर लिखो।

(घ) क्या चिट्टियों की जगह कभी फैकस, ई-मेल, टेलिफोन तथा मोबाइल ले सकते है, स्पष्ट करके लिखो।

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखो। 8

(क) कम्पुटर और उसका उपयोग।

(ख) महात्मा गांधी।

(ग) मोबाइल फोन।

(घ) अपने प्रिय कहानीकार।

10. अपने विद्यालय के वार्षिक उत्सव के बारे में बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखो। 5

अथवा

अपने क्षेत्र की समस्याओ के समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारी को एक शिकायती पत्र लिखो।

11. अधोलिखित अवतरण को ध्यानसे पढ़कर नीचे दिये गये सवालों के जवाब दो :

वर्तमान शिक्षा प्रणाली अनेक प्रकार से दुषित हैं और अनके जिम्मेदार व्यक्तियों ने समय समय पर उसकी अनुपयोगिता के विषय में अपने विचार प्रकट किये है। उसमें न कोई ऊँचा आदर्श है, न वर्तमान आर्थिक और सामाजिक समस्याओं को ही वह हल कर सकती है। वह एसे व्यक्तियों को तैयार नहीं करती जो समाज के काम में महतवपूर्ण भाग ले सकें। आज का संगठन शोषण पर टिका हुवा है। उसमें समता की भावना का नाम नही। जहाँ देखिए वहाँ वर्ग-संघर्ष और प्रतिस्पर्धा इस प्रकार के संगठन को विदेशी राज्य की सहायता मिलती रही है और वह किसी प्रकार का परिवर्तन देखना नही चाहता। हमें एक नया समाज पैदा करने की जरुरत है। जो सहयोग की भावना लेकर चलता हो।

(क) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दो। 1

(ख) क्या वर्तमान शिक्षा-प्रणाली में ऊँचा आदर्श है ? 1

(ग) आज का संगठन किस पर टिका हुआ है। इसमें क्या अभाव देखा जाता है। 2

(घ) वर्तमान शिक्षा-प्रणाली कैसी होनी चाहिए ? 2

12. हिन्दी में अनुवाद करो :- 1x5=5

(a) Always tell the truth.

(b) May I come in Sir?

(c) The Sun rises in the east.

(d) It has been raining since the morning.

(e) Hindi is the official language of India.

*********